हरिभूमि
# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 8 मार्च 2026

04 सड़क हादसे में तीन नाबालिग भाई हुए घायल



07 मां जानकी धाम करीला में उमड़ेगा भक्तों का जनसैलाब





## शमशाबाद पहुंचे प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने किया पहली फिंगरप्रिंट लैब का शुभारंभ

# शमशाबाद का नाम सूर्यनगर होगा, मिली 163 करोड़ रु. के विकास कार्यों की सौगात

*मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार को विदिशा जिले के शमशाबाद में 163.62 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की सौगात दी। इस दौरान उन्होंने जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों के लिए 97 विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने प्रदेश की पहली जिला स्तरीय फिंगरप्रिंट लैब का भी शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री हेलीकॉप्टर से शमशाबाद पहुंचे। उनके स्वागत में एक रोड शो निकाला गया, जिसमें मुख्यमंत्री के साथ शमशाबाद विधायक सूर्यप्रकाश मीना भी रथ पर सवार रहे। रोड शो के दौरान जगह-जगह लोगों ने फूल बरसाकर उनका स्वागत किया। इसके बाद वह कार्यक्रम स्थल पहुंचे और जनसभा को संबोधित किया।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र के दो प्रमुख बांध संजय सागर और सगड़ बांध की नहरों से होने वाली सिंचाई सुविधा को अब प्रेसराइज्ड पाइपलाइन के माध्यम से कराने की मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने घोषणा की।

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा ने अपनी मांग रखते हुए कहा था कि संजय सागर से 12 हजार हेक्टेयर और सगड़ बांध से 12 हजार हेक्टेयर रकबे में सिंचाई हो रही है। नहरों से पानी फिजूल बह जाता है। यदि नहरों की जगह प्रेसराइज्ड पाइप लाइन डाली जाए तो रकबा बढ़ जाएगा। संजय सागर बांध से 7 हजार हेक्टेयर अधिक रकबा सिंचित होगा। वहीं सगड़ बांध का सिंचित रकबा दो गुना हो जाएगा। इस तरह शमशाबाद विधानसभा क्षेत्र में 17 हजार हेक्टेयर सिंचाई रकबा बढ़ जाएगा। मुख्यमंत्री ने प्रेसराइज्ड पाइप लाइन की घोषणा करते हुए कहा कि इसका परीक्षण कराया जाएगा। इसके बाद इसे मंजूरी दे दी जाएगी। इस दौरान प्रभारी मंत्री लखन पटेल, सागर सांसद लता वानखेड़े, विधायक उमाकांत शर्मा, विदिशा विधायक मुकेश टंडन, गंजबासौदा विधायक हरिसिंह रघुवंशी, कुरवाई विधायक हरिसिंह सप्रे, भाजपा जिलाध्यक्ष महाराज सिंह दांगी, पूर्व जिलाध्यक्ष तोरण सिंह दांगी, नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष देवेश मीना सहित विधानसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि और भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे।



शमशाबाद। लाडली लक्ष्मी योजना के हितग्राहियों को योजनाओं को लाभ प्रदान करने के दौरान सीएम मोहन यादव ने एक बिटिया को गोद में लेकर दुलार किया।

### आक्रांता ने रखा था शमशाबाद नाम

विधायक सूर्यप्रकाश मीणा की मांग पर शमशाबाद का प्राचीन नाम सूर्यनगर किए जाने की घोषणा करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि जिस आक्रांता ने सूर्यनगर का नाम बदलकर शमशाबाद किया था आज उस पहचान को समाप्त किया जाता है। इसे अब सूर्यनगर के नाम से ही जाना जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूर्यनगर नाम का प्रस्ताव नगर परिषद और जिला पंचायत में पास कर प्रदेश सरकार को भेजा जाए। जल्दी ही नोटिफिकेशन जारी करवा दिया जाएगा।

### पांच साल पूरे होने के पहले गेहूं का भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक कर देंगे: सीएम मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंच से संबोधित करते हुए कहा कि सरकार बनने से पहले गेंहू पर 500 रुपए बढ़ाने का वादा किया था। लेकिन सरकार ने तीसरे वर्ष में ही 2200 रुपए प्रति क्विंटल से बढ़ाकर 2625 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया। पांच साल पूरे होने के पहले गेंहू का भाव 2700 रुपए प्रति क्विंटल से अधिक कर देंगे। गायों के लिए सरकार बड़ी बड़ी गौशालाएं शुरु करने जा रही है। इससे सड़क पर एक भी गाय नहीं दिखेगी। गौशालाओं के लिए 40 रुपए प्रति गाय प्रतिदिन के हिसाब से देने जा रही है। गोपालन के लिए भी 25 से लेकर 500 गायों को पालने के लिए सरकार अनुदान दे रही है। बाह्य नदी पर कागपुर पुल के लिए 15 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।



### नगर परिषद को तीन करोड़ देने की घोषणा

शमशाबाद नगर परिषद में विकास कार्यों के लिए सीएम ने मंच से ही 3 करोड़ देने की घोषणा की। विधायक मीणा ने अपनी मांगों में प्रमुख रूप से खेतों तक ग्रेवल सड़क को शुरु करने की बात रखी। इसके साथ ही वर्धा में उपतहसील और पुलिस चौकी मांग रखी। खामखेड़ा में कॉलेज की मांग रखते हुए कहा कि खामखेड़ा के आसपास के 80 गांवों के बच्चों को इसका लाभ मिलेगा। सहरिया जाति के युवाओं को चंबल ग्वालियर की तरह सरकारी भर्ती में रियायत देने की मांग रखी।


शमशाबाद। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री मोहन यादव।



शमशाबाद। कार्यक्रम के दौरान हितग्राहियों को चेक देते हुए सीएम।


शमशाबाद। नगर के मुख्य मार्गों से निकाला गया रोड शो।

## खबर संक्षेप

### सराफा एसोसिएशन का होली मिलन आज

**विदिशा।** सराफा एसोसिएशन द्वारा रंगपंचमी के अवसर पर रविवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम सांची रोड स्थित श्रीतारा रिसोर्ट में होगा। जिसमें सराफा व्यापारियों एवं समाज के लोगों को आमंत्रित किया गया है। 11 बजे से गीत, संगीत और होली मिलन के साथ रंगारंग कार्यक्रम किए जाएंगे। सराफा एसोसिएशन ने सभी सदस्यों से कार्यक्रम में उपस्थित होकर होली मिलन समारोह को सफल बनाने की अपील की है।

### करीला के भक्तों को कराएंगे भोजन

**विदिशा।** करीला धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन ग्राम देवखजूरी में प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी किया जा रहा है। आयोजकों ने करीला धाम जाने वाले श्रद्धालुओं से अपील की है कि भोजन प्रसाद लेकर ही जाएं। देवखजूरी सहित क्षेत्र के लोग हर साल रंगपंचमी पर करीला जाने वाले श्रद्धालुओं को भोजन कराते हैं।

### 10 को देवकीनंदन ठाकुर करेंगे धर्मसभा

**विदिशा।** अखंड हिंदू राष्ट्र और सनातन एकता के संदेश को लेकर मंगलवार 10 मार्च को शहर से बालाजी धाम मेहगांव तक सनातन एकता यात्रा का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9:30 बजे माधवगंज पर देवकीनंदन ठाकुर की धर्मसभा होगी। इसके बाद मेहगांव तक पदयात्रा निकाली जाएगी। हिंद प्रहरी संगठन के अध्यक्ष सौरभ सिंह राजपूत ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पदयात्रा में शामिल होने की अपील की है।

### कायस्थ समाज का होली मिलन समारोह आज

**विदिशा।** कायस्थ सभा द्वारा रविवार को शेरपुरा स्थित समाज की धर्मशाला के लाल बहादुर शास्त्री सभागार में होली मिलन समारोह आयोजित किया जाएगा। दोपहर 2 बजे से शुरू होने वाले इस कार्यक्रम में गुलाल व फूलों की होली खेली जाएगी। कायस्थ समाज के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि भजन गायक ऋषि श्रीवास्तव द्वारा फाग गीत व भजनों क प्रस्तुति दी जाएगी। उन्होंने कायस्थ बंधुओं से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### जिझौतिया ब्राह्मण समाज का होली मिलन कल

**विदिशा।** जिझौतिया ब्राह्मण समाज द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समाज के अध्यक्ष बद्री प्रसाद शर्मा की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम 9 मार्च सोमवार को शाम 5 बजे समाज की धर्मशाला, टीलाखेड़ी में आयोजित होगा। कार्यक्रम में फूलों की होली, गुलाल, बुंदेली संगीत तथा स्वल्पाहार की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है। समाज के सभी सदस्यों से उपस्थित होकर होने का अनुरोध किया गया है।

### अनाज तिलहन संघ का होली मिलन हुआ



**विदिशा।** अनाज तिलहन व्यापार कल्याण उत्थान संघ का होली मिलन समारोह शनिवार को विनायक वेंक्वेट हॉल में सुबह 10 बजे से हुआ। सुंदरकांड पाठ एवं भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संघ के अध्यक्ष राधेश्याम माहेश्वरी सहित उपाध्यक्ष सचिन साहू, महामंत्री महेंद्र जैन, ओमप्रकाश साहू, सुरेश अग्रवाल, प्रदीप साहू, यश जैन ने व्यापारियों को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस दौरान बड़ी संख्या में विभिन्न संगठनों के व्यापारी मौजूद रहे।

## 12वीं के छात्रों ने दिया हिंदी का आखिरी पेपर, परीक्षा खत्म होने की खुशी में स्कूल के बाहर खेली होली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शनिवार को कक्षा 12वीं का अंतिम (हिंदी) पेपर भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया। इसके साथ ही महीनों से चल रहे पढ़ाई के तनाव से छात्रों ने राहत की सांस ली है। कक्षा 10वीं की परीक्षाएं एक दिन पहले ही खत्म हो चुकी हैं। शनिवार को 12वीं का पेपर खत्म होते ही परीक्षा केंद्रों के बाहर का नजारा पूरी तरह बदल गया और उल्लास से भरे छात्रों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर जमकर जश्न मनाया।

परीक्षा देकर बाहर निकले छात्र-छात्राओं ने बताया कि इस बार 4 मार्च को होली का मुख्य पर्व था, लेकिन उस दौरान उनकी बोर्ड परीक्षाएं चल रही थीं।



अपने भविष्य और पढ़ाई को प्राथमिकता देते हुए कई छात्रों ने उस दिन होली नहीं खेली थी। उनका मुख्य फोकस सिर्फ अपनी परीक्षाओं की तैयारी पर था, जिसके कारण उन्होंने त्योहार की मस्ती को कुछ दिनों के लिए टालने का फैसला किया था।

### पेपर गया शानदार

छात्रों के चेहरे पर परीक्षा खत्म होने की दोहरी खुशी साफ नजर आ रही थी। उन्होंने बताया कि आज हिंदी का आखिरी पेपर था और वह काफी अच्छा गया है। परीक्षा के दबाव से पूरी तरह मुक्त होने के बाद, छात्र-छात्राओं ने स्कूल के बाहर ही अपने दोस्तों की टोलियों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी और गले मिलकर अपनी रुकी हुई होली का जमकर आनंद लिया।

## धधक उठा जंगल: गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र में आग लगी

### वन संपदा जलकर खाक, फसलों और वन्य जीवों पर भी मंडराया खतरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

गर्मियों की शुरुआत होते ही जंगलों में आग लगने की घटनाएं सामने आने लगी हैं।

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र के आसपास फैले प्राकृतिक जंगलों में भी आग ने वन संपदा को भारी नुकसान पहुंचाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार ग्यारसपुर नगर के चारों ओर फैले अधिकांश जंगल वन विकास निगम के हैंडओवर में हैं। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी गर्मी शुरू होते ही जंगलों में आग लगने का सिलसिला प्रारंभ हो गया है।इसी कड़ी में ग्यारसपुर नगर से लगे गढ़वाली पहाड़ी क्षेत्र, जहां श्मशान शेड और वन विभाग की नर्सरी स्थित है, वहां के जंगल में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया, जिससे बड़ी मात्रा में वन संपदा जलकर खाक हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अभी क्षेत्र में किसानों की फसलें पककर तैयार खड़ी हैं। यदि जंगल की आग खेतों की ओर बढ़ती है तो किसानों की मेहनत से तैयार फसलें भी पल भर में जलकर राख हो सकती हैं।


ग्यारसपुर। जंगल से निकलते आग के गुबार।

### आग के कारणों का पता लगाया जा रहा

जंगल में लगी आग से केवल पेड़-पौधों को ही नुकसान नहीं होता, बल्कि वहां रहने वाले जंगली वन्य प्राणियों के जीवन पर भी संकट मंडराने लगता है। आग के कारण वन्य जीवों का प्राकृतिक आवास नष्ट होने का खतरा बढ़ जाता है। पुलिस उपनिरीक्षक धीरज सिंह गुर्जर ने जंगल में पहुंचकर आग को बुझाया गया और आग पर काबू पाया गया। आरक्षक जय कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि झाड़ियां से पत्तों को को हटाकर आग पर काबू पाया गया। वन विकास निगम के रेंजर दिनेश परिहार ने बताया कि यह जांच कराई जा रही है कि जंगल में आग किन कारणों से लगी।

### जूनियर डॉक्टर्स आज निकालेंगे जस्टिस मार्च

## काली पट्टी बांधकर जूडा ने किया आंदोलन का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

प्रदेश के सभी शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में कल से स्टाइपंड बढ़ाने को लेकर प्रदेशव्यापी हड़ताल चल रही है। इसी कड़ी में शनिवार को मेडिकल कॉलेज में भी प्रदर्शन किया गया।

जूडा अध्यक्ष डॉ विमल मेहरा ने बताया कि इंटर्न, पीजी, एसआर, जेआर एवं सुपर स्पेशियलिटी रेजिडेंट डॉक्टर्स के मासिक स्टाइपंड वेतन में प्रतिवर्ष अप्रैल में वृद्धि होती है जो कि अभी तक नहीं हुई। साथ ही जूनियर्स रेसिडेंट, सीनियर रेसिडेंट एवं पीजी डॉक्टर की स्टाइपंड विगत 2 माह से क्रेडिट नहीं हुई, इससे रेजिडेंट डॉक्टर्स को आर्थिक एवं मानसिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। डॉ विमल ने बताया की करीब एक महीने पहले डीन को ज्ञापन देकर मांगे जल्दी पूरी करने को कहा गया था, लेकिन आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जिसके चलते शनिवार से से जूडा द्वारा काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया गया। आज जस्टिस मार्च निकाला जाएगा और फिर भी हमारी मांगों को पूरा नहीं किया गया तो मजबूरन सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू करेंगे। जिसमे इमरजेंसी को छोड़कर सभी तरह की सेवाएं बंद रहेंगी।



> आश्वासन के बाद भी मांगें पूरी नहीं की गईं। सोमवार से कर सकते हैं अनिश्चितकालीन हड़ताल।

## विदिशा के श्रेयांस जैन को ब्रिटेन की संसद में मिला अंतरराष्ट्रीय सम्मान



**विदिशा।** विदिशा के श्रेयांस जैन को लंदन में शुद्ध शाकाहारी भारतीय भोजन को वैश्विक पहचान दिलाने पर ब्रिटेन की संसद हाउस ऑफ लाड्‌र्स में सम्मानित किया है। उन्हें एशियन बिजनेस काउंसिल द्वारा सर्वश्रेष्ठ वेजेटेरियन एंड विगन रेस्टॉरेंट संचालित करने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। श्रेयांस जैन लंदन में नमस्ते होलबोर्न नाम से शुद्ध शाकाहारी भारतीय रेस्टॉरेंट का संचालन कर रहे हैं। यह पुरस्कार आयरलैंड की पूर्व प्रथम मंत्री बैरोनेस फोस्टर और उत्तरी आयरलैंड के शिक्षा मंत्री पीटर जेम्स वेयर ने प्रदान किया। कार्यक्रम में जर्सी के पूर्व मुख्य मंत्री जॉन ले फोन्ड्रे, विनम्र शास्त्री, यूकेएबीसी के चेयरमेन तहा कोबर्न कुटे, वाइस प्रेसीडेंट सुदीप साकल्ले सहित अनेक सांसद और व्यवसायिक नेता मौजूद रहे। सम्मान प्राप्त करने के बाद श्रेयांस जैन ने कहा कि यह केवल उनका नहीं बल्कि भारत की संस्कृति और शाकाहारी परंपरा का सम्मान है। श्रेयांस जैन का परिवार नीमताल क्षेत्र में निवास करता है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1550
उच्चतम भाव-5701
सरसों
न्यूनतम भाव-2600
उच्चतम भाव-6620
चना
न्यूनतम भाव-3176
उच्चतम भाव-5041
मसूर
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6511
गेंहू
न्यूनतम भाव-2000
उच्चतम भाव-3320
मक्का
न्यूनतम भाव-1281
उच्चतम भाव-1585
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2900
उच्चतम भाव-3340
धान
न्यूनतम भाव -1360
उच्चतम भाव- 3900
बटरी
न्यूनतम भाव-2990
उच्चतम भाव-4235
धनिया
न्यूनतम भाव-6700
उच्चतम भाव-7600
उड़द
न्यूनतम भाव-4700
उच्चतम भाव-6310
मटर
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-3310
अलसी
न्यूनतम भाव-6005
उच्चतम भाव-6005
तुअर
न्यूनतम भाव-6200
उच्चतम भाव-6380

### कृषि मंडी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मंडी में शनिवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मंडी में 6475 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# सड़क हादसे में तीन नाबालिग भाई हुए घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



ग्राम उदयपुर में शुक्रवार रात्रि के समय एक सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन नाबालिग बालक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च उपचार के लिए विदिशा जिला अस्पताल रेफर किया गया है। घटना रात करीब 8 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, उदयपुर निवासी 16 वर्षीय देव मोगिया अपने दो छोटे भाइयों 15 वर्षीय नवीन मोगिया और 8 वर्षीय प्रवीण मोगिया को साथ लेकर घर वालों को बिना बताए बाइक चलाने निकल गया था। घर से कुछ ही दूरी पर अचानक बाइक बेकाबू होकर सड़क पर फिसल गई और पलट गई। इस हादसे में तीनों भाइयों के सिर में गंभीर चोट आई हैं।

हादसे की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल बच्चों को तत्काल शासकीय राजीव गांधी जनचिकित्सालय लेकर आए। जहां से चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद देव और नवीन की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें उच्च उपचार के लिए विदिशा रेफर कर दिया। देव के पिता स्वरूप सिंह ने बताया कि एंबुलेंस आने के लिए करीब एक घंटे तक इंतजार करना पड़ा, लेकिन गाड़ी समय पर नहीं पहुंच सकी। बच्चों की लगातार बिगड़ती हालत और एंबुलेंस के अभाव में परिजन उन्हें निजी वाहन से ही विदिशा जिला अस्पताल लेकर रवाना हुए। परिजनों का कहना है कि बच्चे खेल-खेल में चुपचाप घर से गाड़ी निकाल ले गए थे, जिसका उन्हें अंदाजा भी नहीं था। फिलहाल विदिशा में घायलों का उपचार जारी है और पुलिस को मामले की सूचना दे दी गई है।

### नौलखी तपोवन में जगन्नाथ महाप्रभु व सीताराम के पाटोत्सव की तैयारी

# सवा लाख रुद्री निर्माण, शिवाभिषेक भक्तमाल कथा से गूंजेगा नौलखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



वेत्रवती घाट स्थित नौलखी तपोवन आश्रम में भगवान महाप्रभु जगन्नाथ एवं भगवान सीताराम की प्राण-प्रतिष्ठा के द्वितीय पाटोत्सव को लेकर आश्रम परिसर में भक्ति और उत्साह का वातावरण बनने लगा है। आयोजन की तैयारियों को लेकर रविवार 8 मार्च को शाम 4 बजे श्री विजय हनुमान मंदिर, नौलखी आश्रम में विशेष बैठक आयोजित की गई।

नौलखी तपोवन आश्रम समिति के नगेंद्र उपाध्याय ने बताया कि भगवान महाप्रभु जगन्नाथ जी एवं भगवान सीताराम जी की प्राण प्रतिष्ठा के पाटोत्सव के पावन अवसर पर आश्रम परिसर में नव दिवसीय धार्मिक आयोजन संपन्न होंगे। जहां 19 से 27 मार्च तक प्रतिदिन सवा लाख रुद्री निर्माण, शिव अभिषेक एवं शिवार्चना का आयोजन किया जाएगा। यह अनुष्ठान प्रतिदिन विद्वान वैदिक ब्राह्मणों के सानिध्य में सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक वेद मंत्रों की पावन ध्वनि और श्रद्धालुओं की उपस्थिति में संपन्न होगा। उपाध्याय ने बताया कि 21 से 27 मार्च तक अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक, भागवताचार्य एवं ज्योतिषाचार्य पंडित डॉ. अभिषेक कृष्ण शास्त्री श्रीधाम वृंदावन द्वारा भक्तमाल कथा का वाचन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दोपहर 3 बजे से नौलखी आश्रम परिसर में आयोजित होगी, जिसमें संत परंपरा की भक्ति, त्याग और सेवा की प्रेरणादायी भक्तों की गाथाएं सुनाई जाएंगी। उक्त समस्त धार्मिक आयोजन नौलखी तपोवन आश्रम के श्रीमहंत राम मनोहर दास महाराज के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में संपन्न होंगे। आश्रम समिति ने श्रद्धालुओं, भक्तों एवं धर्मप्रेमियों से विजय हनुमान मंदिर नौलखी आश्रम पर तैयारी में संबंधी आयोजित बैठक में उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# विधायक कप टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की हुई नीलामी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर में विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए शनिवार को खिलाड़ियों की नीलामी प्रक्रिया पूरी की गई। बरेठ रोड स्थित एक निजी प्लाजा में आयोजित इस कार्यक्रम में टीम मालिकों ने खिलाड़ियों पर बोली लगाकर उन्हें अपनी-अपनी टीम में शामिल किया। नीलामी के दौरान पंजीकृत खिलाड़ियों की फोटो और उनके प्रदर्शन की जानकारी एलईडी स्क्रीन पर दिखाई गई। इसके आधार पर टीम मालिकों ने खिलाड़ियों के अंकों के अनुसार बोली लगाई। नियम के अनुसार प्रत्येक टीम के लिए 15 खिलाड़ियों का चयन करना अनिवार्य था। विधायक कप नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में इस बार कुल 12 टीमें भाग ले रही हैं। हर टीम में 15 खिलाड़ी होंगे, यानी कुल 180 खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा दिखाएंगे। इस टूर्नामेंट में केवल गंजबासौदा और ग्यारसपुर विधानसभा क्षेत्र के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। बासौदा स्पोर्ट्स क्लब के राहुल यादव ने बताया कि यह नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट शहर के एसजीएस कॉलेज मैदान पर खेला जाएगा। इसके लिए मैदान को तैयार करने का काम जारी है। टूर्नामेंट 20 मार्च से शुरू होने की संभावना है। टूर्नामेंट की विजेता टीम को 1,11,111 रुपये और उपविजेता टीम को 55,555 रुपये का नगद पुरस्कार शील्ड के साथ दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर, बेस्ट फील्डर और बेस्ट बल्लेबाज सहित अन्य उत्कृष्ट खिलाड़ियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा।

# लोडिंग वाहन पीछे उठा, बड़ा हादसा टला



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को शाम के समय त्योंदा रोड पर एक लोडिंग चार पहिया वाहन जिसमें लोहे के गाडर रखे हुए थे, पीछे से उठ गया। वाहन में क्षमता से अधिक वजन के गाडर भरे थे और वाहन के ब्रेक लगाते ही गाडर आगे खिसक गए जिसके बाद लोडिंग पर पूरा वजन आगे की ओर आ गया और वाहन का पिछला हिस्सा ऊपर उठ गया। यह तो अच्छा हुआ कि लोडिंग के आगे या पीछे कोई वाहन या राहगीर नहीं थे, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। लोडिंग चालक ने वाहन को रोककर वहां मौजूद लोगों की मदद से गाडर को सही ढंग से रखवाया, उनको रस्सियों से बांधा गया जिसके बाद अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ।

# इलेक्ट्रीशियन संघ की बैठक का हुआ आयोजन


हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



होली महापर्व के उपरांत इलेक्ट्रीशियन संघ संबद्ध भारतीय मजदूर संघ द्वारा एक रेस्टोरेंट में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें बरेठ रोड एवं आसपास से आए हुए इलेक्ट्रिशियनों की बैठक संपन्न हुई। बैठक के मुख्य अतिथि इलेक्ट्रीशियन संघ के संरक्षक एवं भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख महेंद्र सोनी एवं विशेष अतिथि इलेक्ट्रीशियन संघ के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल सिंघवी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे संघ के जिला अध्यक्ष संदीप नामदेव एवं जिला महामंत्री चरण सिंह लोधी, तहसील उपाध्यक्ष रामस्वरूप दांगी, अरविंद जैन, कमलेश साहू उपस्थित रहे।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महेंद्र सोनी ने कहां कि म.प्र. शासन के अनुसार भवन निर्माण के कार्य करने वाले 49 प्रकार के मजदूर होते हैं जिसमें इलेक्ट्रीशियन का कार्य करने वाले सभी बंधु भवन निर्माण के मजदूरों की श्रेणी में आते हैं, बैठक में कई निर्णय लिये गए जैसे विदिशा जिले की सभी तहसीलों में शीघ्र ही कार्यकारिणी बनाएंगे एवं सभी वर्करों का मजदूर कार्ड बनवाएंगे। बैठक में सभी अतिथियों ने संबोधित किया एवं अतिथियों ने इलेक्ट्रीशियन संघ के सभी सदस्यों को परिचय पत्र वितरित करने की रूपरेखा बनाई, शीघ्र ही इलेक्ट्रिक कार्य करने की दरें निर्धारित की जावेगी। सोनी द्वारा इलेक्ट्रीशियन संघ के पत्र का वाचन भी किया गया और सभी पदाधिकारियों को उनके दायित्व के हिसाब से उनके कार्यों को समझाया गया। संचालन संघ के तहसील महामंत्री दिलीप सिंह तोमर ने किया। बैठक में बड़ी संख्या में इलेक्ट्रीशियन उपस्थित हुए। जिनमें प्रमुख रूप से महेंद्र सोनी, संदीप नामदेव, अनिल सिंघवी, चरण सिंह लोधी, राजू सोलंकी, गौरव पंथी, कमल सिंह कुशवाहा, सुधीर तिवारी, आनंद विश्वकर्मा, बाबूराम जाटव, कैलाश गुजराती, सोनू विश्वकर्मा, नंदकिशोर बैरागी, महेंद्र विश्वकर्मा, विजय नामदेव, हरिशंकर सेन, रामेश्वर अहिरवार, राकेश साहू, अजय विश्वकर्मा, अमित विश्वकर्मा आदि शामिल रहे।

# तेज हवा से गेहूं की फसल हो गई आड़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

विगत दिनों इलाके भर में चली तेज हवा से अनेक किसानों के खेतों में खड़ी गेहूं की फसल आड़ी हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लालकुआ, किरोंदा, नेवली, बलरामपुर, फूफैर, सकराई, पैरवासा सहित अनेक ग्रामों में तेज हवा से गेहूं की फसलें आड़ी हो गई हैं। किसानों ने बताया कि इस बार गेहूं की फसल अच्छी स्थिति में नजर आ रही थी। लेकिन हवा के कारण फसल के आड़े हो जाने से दाना सही ढंग से नहीं पक पाऐगा एवं गेहूं का दाना हरा और छोटा रहेगा। वहीं ऊपर का हिस्सा ही पक पाऐगा। आधी हिस्से की फसल हरी एवं दाना छोटा हो जाने से जिंस के दाम प्रभावित होंगे। अगर किसान आड़ी फसल को अलग से कटाई कर उसकी अलग थ्रेसिंग कराऐगा तो किसान को अतिरिक्त रुपए खर्च करने पड़ेंगे। इस स्थिति में किसान चिंतित नजर आ रहा है।

उल्लेखनीय है कि मौसम में आ रहे बदलाव के चलते किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इन दिनों इलाके के कुछ हिस्सों में मसूर, तेवड़ा, चना आदि की कटाई का सीजन चल रहा है। जिन किसानों ने पहले गेहूं की बोवनी कर दी थी वह फसल पक गई है, कुछ किसानों की फसल पकने की कगार पर है। ऐसे में मौसम में आ रहे बदलाव के चलते किसानों माथे पर चिंता की लकीरें नजर आ रहीं हैं। वह शीघ्र फसल की कटाई और थ्रेसिंग कार्य से निपट कर अपनी अपनी कृषि जिंसों की कृषि उपज मण्डी में विक्रय कर निश्चिंत होना चाहते हैं।

### पेंटिंग सा नजर आ रहा पेड़ पर बैठा मोर...



गंजबासौदा। शाम के समय एक वृक्ष के ऊपरी भाग पर बैठे मोर का फोटो छायाकार द्वारा अपने कैमरे में कैद किया गया। जो किसी चित्रकार द्वारा बनाई गई पेंटिंग की तरह नजर आ रहा है।

### ईश्वरीय विश्वविद्यालय सेवाकेंद्र का होली मिलन समारोह

# आध्यात्मिक, ज्ञान के रंग से जीवन खुशहाल होगा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवाकेंद्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें ब्रह्माकुमारी नन्दनी दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अब तक हम केवल विसंगतियों की, दूसरों के संग रंग की, माया के रंग तथा केवल स्थूल रंगों की ही होली खेलते आये हैं, जिससे होली की प्रासंगिकता ही समाप्त हो गयी है। होली का अर्थ अंग्रेजी के हिसाब से 'पवित्र' होता है। जब मनुष्य विविध प्रकार की बुराइयों, कुरीतियों, काम-क्रोधादि विकारों के वशीभूत होकर तथा स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से हानिकारक रंगों की होली खेलते-खेलते विकारों, साम्प्रदायिकता, भेदभाव, ईर्ष्या और नफरत के दलदल में फंस जाता है, तब कल्याणकारी भोलेनाथ इस पतित सृष्टि पर अवतरित होते हैं और जिन बुराइयों के प्रतीक नशे के लिए भांग आदि का इस्तेमाल किया जाता है, परमात्मा इस सृष्टि पर हमें अमिट ज्ञान के रंग की होली खेलने के लिए भी भेजते हैं परन्तु भौतिक चकाचौंध तथा आत्म-विस्मृति के कारण हमें सच्चे रंग को छोड़ तन और मन को गर्त में धकेलने वाले रंगों को सहारा लेने लगते हैं।

अब तो इस पर्व का इतना विकृत रूप हो गया है कि लोग इस दिन जुआ और शराब तथा मांस आदि का उपयोग करने लगे हैं। इस पर्व के सन्दर्भ में लोगों की यह मान्यता है कि भोले शंकर परमात्मा खुद ही भांग आदि का सेवन करते हैं। परन्तु इसकी आध्यात्मिक व्याख्या के अनुसार, भोलेनाथ सृष्टि पर मानव जगत में व्याप्त बुराइयों के विष का पान करते हैं तथा ज्ञानामृत की वर्षा करते हैं। ब्रह्माकुमारी अनु दीदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रायः देखा गया है कि होली पर आधा दिन रंग खेलने के बाद लोग स्नान आदि करके नये-नये कपड़े पहनते हैं फिर एक-दूसरे से गले मिलते हैं। खुशियां मनाने एवं अच्छे-अच्छे पकवानों का आनन्द लेने के लिए एक-दूसरे के यहाँ जाते हैं। कुछ समय के लिए भेदभाव को भी भूल जाते हैं। इसका अर्थ यह है कि जब परमात्मा हमें ज्ञान की होली में रंगते हैं, तब मनुष्यात्माओं को आत्मज्ञान प्राप्त होता है। केवल शरीर रूप से हम अनेक धर्म और जाति में बंटे हैं परन्तु आत्मिक रूप में हम सभी भाई-भाई हैं, एक परमात्मा की संतान है।

परमात्मा शिव द्वारा दिए हुए आध्यात्मिक ज्ञान से रंगे हुए मनुष्यात्माओं से सर्व संसार से भेदभाव तथा नफरत की आंधी और सामाजिक विकृतियों का नाश हो जाता है और मनुष्य देवात्मा तुल्य हो जाती है और फिर एक नये युग की शुरूआत होती है। तो आइये, हम केवल स्थूल रंग में नहीं बल्कि आध्यात्मिक और ज्ञान के रंग में रंगें तथा आने वाली खुशहाली दुनिया में जाने के अधिकारी बनें। कार्यक्रम में भाई, बहिनों ने लाभ लिया।

### देर तक लगा रहा जाम

**गंजबासौदा**। शनिवार को पचमा बायपास मार्ग पर दिन में कई बार वाहनों के फंस जाने से जाम की स्थिति निर्मित होती रही। दिन में कई बार देर तक वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में मार्ग पर फंसे रहे और परेशान होते रहे।

### ट्रेनों में देखी जा रही भीड़



**गंजबासौदा**। इन दिनों होली, रंग पंचमी के त्यौहार के चलते स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सुबह से लेकर रात्रि तक भीड़ देखी जा रही है। ट्रेनों में रेल यात्रियों को भारी भीड़ के चलते खड़े होकर यात्रा करने मजबूर होना पड़ रहा है। कुछ इसी तरह के हाल बसों में भी नजर आ रहे हैं। गर्मी का मौसम शुरु हो गया है ऐसे में त्यौहारों के चलते ट्रेनों में पड़ रही भारी भीड़ के कारण सर्वाधिक परेशानी बुजुर्गों एवं बच्चों को उठानी पड़ रही है।

# एनटीएफ अंतर्गत प्रथम सप्ताह अनेक गतिविधियां हुईं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शनिवार को सुभद्रा शर्मा शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय कार्यबल मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण के अंतर्गत प्रथम सप्ताह की निर्धारित गतिविधियों का आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनामिका प्रजापति के कुशल मार्गदर्शन तथा कार्यक्रम प्रभारी अनीशा भारद्वाज के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ अपेक्षा बाजपेई रही। मुख्य वक्ता दीप्ति शर्मा द्वारा महाविद्यालय के समस्त स्टॉफ और छात्राओं को विशेष व्याख्यान दिया गया।

मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण गतिविधि अंतर्गत स्टॉफ हेतु मानसिक स्वास्थ्य प्रशिक्षण, कमजोर एवं संवेदनशील वर्गों के छात्राओं हेतु विशेष सहायता, परामर्श गतिविधि का आयोजन किया जाना है। साथ में खेल, कला योग, ध्यान व्यक्तित्व विकास से संबंधित सह पाठयक्रम गतिविधियों का आयोजन, विभिन्न समूह द्वारा रोल प्ले का प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी संकेतों की पहचान पर कार्यशाला का आयोजन कर छात्राओं को मानसिक हताशा और तनाव के शुरुआती लक्षणों को पहचानने और समय पर मदद लेने हेतु प्रशिक्षित किया। संचालन डॉ. रागिनी वर्मा भौतिकशास्त्र विभाग द्वारा एवं आभार डॉ. अपेक्षा बाजपेयी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं। यह कार्यक्रम छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए अत्यंत लाभकारी सिद्ध हुआ।

## रंगपंचमी आज, अचंल में जमकर बरसेगा रंग और गुलाल

# मां जानकी धाम करीला में उमड़ेगा भक्तों का जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

प्रदेश स्तरीय तीर्थ क्षेत्र धाम करीला मेले की लोक मान्यातओं के अनुसार इसकी पारंपारिक शुरूआत आज रंगपंचमी पर होगी। ग्राम ललितपुर के ग्रामीण सुबह धाम करीला पहुंचकर झंडा मंदिर के गुम्बद पर फहराएंगे। इसके बाद पवित्र धूना के कपाट खुलेंगे। साथ ही नृत्यांगनाएं बधाई स्वरूप राई नृत्य कर मेला की शुरूआत होगी।

### 200 वर्षों से चली आ रही है परंपरा

धाम करीला ललितपुर ग्राम से ढाई किलोमीटर दूर है। रंगपंचमी पर मैया जानकी के दरबार में सबसे पहले ललितपुर गांव का ही ध्वजा अर्पित होता है इसके बाद अन्य कार्यक्रमों की शुरूआत होती है। ग्रामीणो ने बताया कि यह परंपरा लगभग 200 वर्षो से अधिक समय से चली आ रही है। जब दीपनाखेडा के तपस्वी महाराज रंगपंचमी से एक दिन पहले करीला की ओर निकले थे। इस दौरान उन्होने रात्रि विश्राम ललितपुर में ही किया था। वहीं उन्होने ग्रामीणों के समक्ष अपनी बात रखी थी। सुबह रंगपंचमी पर बह्‌र मुहूर्त में झंडा लेकर कुछ ग्रामीणों के



साथ करीला पहुंच गए। जहां मंदिर परिषर में खड़ी झाड़ियों,कंकड-पत्थरों को साफ कर बर्षो से बंद पड़े धूना के कपाट खोले और अंदर अग्नि प्रज्वलित की इसके बाद से ही यह परंपरा बन गई। तब से लेकर आज तक यह परंपरा निभाई जा रही हैं। वहीं उन्होने बताया कि मैया जानकी के दरबार में ध्वजा अर्पण करने के लिए पूरे गांव में तैयारी की जा रही है। 11 फिट का झंडा सिलकर तैयार हो गया है। एक-एक घर से अनाज के रूप में चंदा एकत्रित किया गया है। आज को प्रातः 4 बजे ग्रामीण हनुमान मंदिर परिषर से भजन-कीर्तन करते हुए धाम करीला की ओर रवाना होगें जहां सुबह गुंबद पर झंड़ा फहराने के साथ मेले का आगाज होगा।

### आज निकलेगा चल समारोह

रंगपंचमी के अवसर पर नगर में आज हिन्दू उत्सव समिति के तत्वाधान में आज सुबह 10 बजे भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। जिसकी शुरूआत कस्टम पथ से की जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्ग कठाली बाजार,सराफा बाजार, कपडा बाजार, चांदनी चौक, कोट गेट, पुराना बस स्टेण्ड, नगर पालिका से होते हुए सुभाषनगर, हाजीपुर पहुंचकर समापन होगा। इस चल समारोह में हुलियारे बाजार में जमकर डीजे की धुन पर रंग बरसाते हुए निकलेंगे।

# स्वच्छता के नायकों का सम्मान, कचरा वाहन चालकों सहायकों और सफाई मित्रों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



मुख्यमंत्री शहरी स्वच्छता संकल्प महा अभियान के अंतर्गत नगर पालिका परिषद द्वारा नगर के स्वच्छता कार्य में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले कचरा वाहनों के ड्राइवरों, सहायकों एवं सफाई मित्रों के सम्मान में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता कार्य में लगे कर्मचारियों का उत्साहवर्धन करना एवं उनके योगदान को सम्मानित करना था। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष मनोज शर्मा साईनाथ, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू एवं स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में स्वच्छता कार्य में निरंतर मेहनत करने वाले सफाई मित्रों, कचरा वाहन चालकों एवं सहायकों को सम्मान पत्र एवं प्रशंसा के शब्दों के साथ सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सफाई मित्रों, कचरा वाहन चालकों और सहायकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। इनके परिश्रम और समर्पण के कारण ही नगर में नियमित रूप से डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण एवं कचरे का उचित प्रबंधन संभव हो पा रहा है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रामप्रकाश साहू ने सभी कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि नगर की स्वच्छता व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा तथा नागरिकों को भी गीला-सूखा कचरा अलग-अलग देने के लिए प्रेरित करना होगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य अधिकारी मनीष कुमार सहित नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं सफाई मित्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने स्वच्छ सिरोंज, सुंदर सिरोंज बनाने का संकल्प भी लिया।

## कमेटी की बैठक आयोजित

# ईदगाह पर 7:30 बजे अता होगी ईद उल फितर की नमाज़



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

ईदुल फितर के त्यौहार को लेकर को जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी की बैठक शहर काज़ी अब्दुल रशीद खान और जामा मस्जिद इमाम नूरुद्दीन की सरपरस्ती मे आयोजित की गई। बैठक मे आने वाले त्यौहार ईदुल फितर जिसे आम जबान मे मीठी ईद कहा जाता है इसको लेकर सभी उपस्थित लोगों ने अपनी अपनी बात रखी। ईदुल फितर 20 मार्च या 21 मार्च को चाँद दिखने के हिसाब से होंगी। बैठक की अध्यक्षता जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने की।

बैठक मे सबसे पहले ईदगाह पर नमाज के बारे मे मशवरा हुआ उसके बाद जामा मस्जिद एवं अन्य मस्जिदों मे ईद की नमाज को लेकर चर्चा की गई। जामा मस्जिद इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम ने बताया कि शहर काज़ी अब्दुल रशीद खान और जामा मस्जिद इमाम नूर उद्दीन की सरपरस्ती मे ईद के दिन ईदगाह एवं जामा मस्जिद सहित अन्य मस्जिदों में ईद की नमाज को लेकर समय तह किया गया। वही उन्होने बताया कि ईद के दिन ईदगाह पर सुबह 7:30बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी। इसके बाद 7:45बजे जामा मस्जिद,ताज़ मस्जिद मे 8 बजे,कमनगिरान मस्जिद में 8:15 बजे, बिलाल मस्जिद में 8:30 बजे ईद की नमाज अदा की जाएगी।

इंतजामिया कमेटी की मीटिंग में शहर काज़ी अब्दुल रशीद खान,जामा मस्जिद इमाम नूर उद्दीन,जामा मस्जिद कमेटी के अध्यक्ष डॉक्टर वसीम, उपाध्यक्ष हाफिज मुशीर, हाजी अब्दुल सत्तार, हाफ़ज़ि खालिद आदि सदस्य मौजूद रहें।

## चैत्र कृष्ण गणेश चतुर्थी पर

# श्री गणेश मंदिर में देर शाम से शुरू हुआ फूल डोल महोत्सव



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज


चैत्र कृष्ण गणेश चतुर्थी के पावन अवसर पर नगर के प्राचीन श्री गणेश मंदिर गणेश की अथाईं में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी फूल डोल उत्सव अत्यंत हर्षोल्लास और भक्तिभाव के साथ आयोजित किया गया। देर शाम से शुरू हुए इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरा मंदिर परिसर भक्ति, रंग और पुष्पों की सुगंध से महक उठा। उत्सव के दौरान विघ्नहर्ता गणपति बप्पा का विशेष श्रृंगार किया गया। इस दौरान फाग के मधुर भजन और धार्मिक गीतों ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया। रंगों की छटा और पुष्प वर्षा के बीच श्रद्धालुओं ने ॿगणपति बप्पा मोरयाॿ के जयकारों के साथ उत्सव का आनंद लिया। मंदिर के प्रधान पुजारी पंडित नलिनीकांत शर्मा के मार्गदर्शन में सभी धार्मिक अनुष्ठान विधि-विधान से संपन्न कराए गए। उन्होंने भगवान श्री गणेश की आराधना कर नगर एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि और मंगलकामना की प्रार्थना की। देर रात तक चले इस आयोजन में नगर के बड़ी संख्या में श्रद्धालु और गणेश भक्त उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन अवसर पर मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसादी का वितरण किया गया।

# सहनशीलता की पराकष्ठा है प्रभु पार्श्वनाथ का जीवनः मुनिश्री 108 निरंजन सागर महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

अतिशय क्षेत्र भौरिया में प्रभु पार्श्वनाथ के कैवल्यज्ञान कल्याण अवसर पर वार्षिक दो दिवसीय मेले का आयोजन जैन समाज द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रथम भव्य श्री जी को विमान शोभायात्रा एंव अतिशयकारी प्रभु पार्श्वनाथ का महा मस्ताकाभिषेक होगा और दुसरे दिवस मनोकामना पूर्व सिद्धि विधान, अभिषेक, शांतिधारा के साथ उपस्थित जैन समुदाय का रंग पंचमी मिलन रखा जाएगा।

इस अवसर पर संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विघासागर जी महामुनिराज एंव नवाचार्य श्री 108



समय सागर जी महामुनिराज के आज्ञानुवर्ती शिष्य परम पूज्य मुनि श्री 108 निरंजन सागर जी महाराज ने कहा कि बनारस जन्म लेकर वैराग्य का रस पाकर प्रभु पार्श्वनाथ ऐसी अनोखी साधना में लीन हो गए कि उन्हें अपने ऊपर हो रहे उपसर्गो का भी ध्यान नही रहा। कमठ का जीव उन पर लगातार कई दिनों तक उपसर्गो की निरंतरता को बनाए रखते हुए नही स्का पर प्रभु ने भी इस घड़ी में धैर्य को साथ समता,सरलता और सहजता को नही छोडा। आखिरकार वह कमठ का जीव थक हार कर अपनी हार स्वीकार कर प्रभु का दास बन उनके चरणों में नत मस्मत हो गया। प्रभु पार्श्वनाथ अपनी आत्म प्रभुता में यू ही लीन रहें और आत्म विजेता बनकर आज ही के दिन केवल्यज्ञान को प्राप्त हुए थें। इस अवसर पर बडी संख्या में जैन समुदाय उपस्थि रहा। तो वही बाल ब्र, अनिल भैया इंदौर,उदासीन आश्रय अधिठाता एंव बा.ब्र अविनाश,बा.ब्र जीनू,पं बागमल जैन,देवेन्द्र जैन आदि की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढाया।

# राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर छात्राओं को मिले वैज्ञानिक सोच के प्रेरक संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में विभिन्न वैज्ञानिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह आयोजन 27 फरवरी से प्रारंभ होकर 7 मार्च तक निरंतर चला, जिसमें छात्राओं को विज्ञान और शोध के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि अभियांत्रिकी संस्थान भोपाल के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी तथा एसएटीआई के प्रोफेसर डॉ. मनोज दातार** ने छात्राओं को विशेष व्याख्यान दिए। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.डी. अहिरवार ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के समय में विद्यार्थियों के भीतर वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास अत्यंत आवश्यक है। इससे वे नई सोच के साथ समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकती हैं। प्रधान वैज्ञानिक डॉ. मनोज कुमार त्रिपाठी जिनका नाम विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल है ने अपने व्याख्यान में फूड इंडस्ट्री, जैव अभियांत्रिकी तथा दैनिक जीवन में भोजन शैली के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने रसोई में भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने के वैज्ञानिक तरीकों की जानकारी देते हुए महिलाओं के लिए शोध के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों और केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी बताया। वहीं डॉ. मनोज दातार ने अपने संबोधन में नवीकरणीय ऊर्जा के महत्व और इसके उज्ज्वल भविष्य पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विज्ञान और शोध के क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं और नई उपलब्धियां हासिल कर रही हैं।

कार्यक्रम के दौरान मॉडल निर्माण, प्रश्नोत्तरी, रिसर्च पेपर रिव्यू और वॉल पेंटिंग प्रतियोगिताएं भी आयोजित की गईं, जिनमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. नीता पांडेय तथा संचालन डॉ. विनीता प्रजापति ने किया। इस अवसर पर प्रो. नीता दीक्षित, प्रो. राम आशीष यादव सहित महाविद्यालय का स्टाफ और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव की तैयारियां पूर्ण जैन महाविद्यालय परिसर में सजी भव्य अयोध्या नगरी





हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

10वें तीर्थंकर भगवान शीतलनाथ स्वामी के चार कल्याणकों से पवित्र विदिशा की धरती पर पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव की भव्य तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं।

यह महोत्सव 11 मार्च से 16 मार्च तक जैन महाविद्यालय के विशाल प्रांगण में संत शिरोमणि आचार्य गुरुदेव विद्यासागर महामुनिराज एवं आचार्य समयसागर महाराज के मंगल आशीर्वाद से आयोजित होगा। कार्यक्रम त्रय मुनिराज निर्यापक श्रमण मुनिश्री संभवसागर महाराज, मुनिश्री निस्सीमसागर महाराज और मुनिश्री संस्कारसागर महाराज ससंघ के सानिध्य तथा प्रतिष्ठाचार्य विनय भैया के निर्देशन में संपन्न होगा। प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया कि जैन महाविद्यालय परिसर में लगभग 25 हजार स्क्वायर फीट के विशाल डोम के माध्यम से अयोध्या नगरी की आकर्षक रचना की गई है। यहां करीब पांच हजार श्रावक-श्राविकाएं एक साथ बैठकर भगवान जिनेन्द्र देव की पूजा-अर्चना कर सकेंगे। प्रतिदिन भगवान के पंचकल्याणक गर्भ, जन्म, दीक्षा, केवलज्ञान और मोक्ष कल्याणक की पूजा के साथ उनके जीवन से जुड़ी प्रमुख घटनाओं का सजीव चित्रण किया जाएगा। कार्यक्रम प्रतिदिन प्रातः 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक आयोजित होंगे।

महोत्सव स्थल पर 11 अस्थायी दुकानों की व्यवस्था की गई है, जहां हथकरघा, शांतिधारा तथा दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध रहेंगी। श्रद्धालुओं के लिए तीन भोजनशालाएं बनाई गई हैं एक सामान्य श्रद्धालुओं के लिए, दूसरी इंद्र-इंद्राणियों के लिए तथा तीसरी त्यागी वृत्ति प्रतिमाधारियों के लिए। बाहर से आने वाले यात्रियों के ठहरने की व्यवस्था माधवगंज स्थित शीतल भवन और शीतलधाम में की गई है। रविवार को गंजबासौदा से मुनिश्री विमलसागर महाराज एवं मुनिश्री अनंतसागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन विदिशा में होने की संभावना है, जिसकी नगर में भव्य अगवानी की तैयारी की जा रही है।

### लाइनमैन दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया

खुरई। मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी खुरई संभागीय कार्यालय में लाइनमैन दिवस बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया । इस में मालथोन, बंदरी, खिमलासा, खुरई ग्रामीण, एवं खुरई शहर के कर्मचारियों ने भाग लिया। इसमें मुख्य अतिथि कार्यपालन अभियंता प्रभात साहू आदि मौजूद थे।

# संयुक्त परिवारों और सास-बहुओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शक्ति आराधना सनातन सांस्कृतिक संस्थान द्वारा शहर में होली के पावन अवसर पर भव्य फूल फाग महोत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त परिवारों की परंपरा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से शहर के 70 से अधिक संयुक्त परिवारों के मुखिया के साथ-साथ सास-बहुओं का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा भगवान कृष्ण और मां भगवती को फूल और गुलाल अर्पित कर की गई। इसके बाद महिलाओं ने छोटे-छोटे बच्चों को राधा-कृष्ण के रूप में श्रृंगार कर मंच पर प्रस्तुत किया। राधा-कृष्ण और गोप-गोपियों के रूप में सजे बच्चों के साथ महिलाओं ने फूलों की होली खेलते हुए फागोत्सव का आनंद लिया। इस दौरान महिलाओं के लिए फागोत्सव से जुड़े मनोरंजक खेल भी आयोजित किए गए। राधा-कृष्ण के रूप में आए बच्चों को उपहार भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम की आयोजक डॉ. मिथलेश दांगी और निर्मल कौर ने बताया कि भारत के त्योहार और संस्कृति समाज को एकता के सूत्र में बांधने का कार्य करते हैं। होली का पर्व सामाजिक समरसता और प्रेम का प्रतीक है, जो लोगों को आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे के साथ खुशियां बांटने का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज के समय में संयुक्त परिवारों की संख्या लगातार कम होती जा रही है। इसी उद्देश्य से संस्थान ने संयुक्त परिवारों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन शैलेंद्र सिंह टीलाखेड़ी ने किया। इस अवसर पर पप्पू सरदार, प्रशांत रघुवंशी, बल्लू महाराज, भरत रागी, बलजीत सिंह गिल, जया चौकसे, नवीन कोठारी सहित शहर के कई वरिष्ठजन, महिलाएं और बच्चे बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



# बाइक सवार बदमाश ने छीना बैग, पीड़िता बोली सोने की चैन व 5 हजार नकद ले गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

खुरई के गांधी वार्ड में शुक्रवार को दिनदहाड़े एक युवती से लूट की घटना सामने आई है। गली नंबर 9 से गुजर रही दो बहनों में से एक का बैग बाइक सवार बदमाश ने छीन लिया। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फरियादी रोशनी ताम्रकार ने बताया कि वह अपनी बहन चांदनी ताम्रकार के साथ गांधी वार्ड में एक रिश्तेदार के यहां जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से एक बाइक सवार निकला। कुछ देर बाद वही बाइक सवार सामने से आया, जिससे उन्हें लगा कि वह उनकी मदद कर रहा है। हालांकि, कुछ ही पल में बैग की डोरी हाथ में रह गई और बैग गायब हो चुका था।

पीड़ित युवती के अनुसार, छीने गए बैग में करीब चार से पांच हजार रुपए नकद और एक सोने की चेन थी। घटना के बाद उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए और बदमाश की तलाश की गई, लेकिन वह कहीं नहीं मिला। युवती ने बताया कि होली की छुट्टियों के कारण बच्चों के स्कूल की फीस भरनी थी, इसलिए उन्होंने पैसे बैग में रखे थे। उन्होंने इस घटना की लिखित शिकायत शहरी थाना में दर्ज कराई है।

शहरी थाना क्षेत्र में चोरी और लूट की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। सागर नाका के पास स्थित गांधी वार्ड की 9 नंबर गली में हुई यह वारदात भी इसी कड़ी का हिस्सा है।

### तेज रफ्तार कार ने ऑटो को मारी टक्करः चालक गंभीर घायल, कार ड्राइवर मौके से फरार

खुरई में खिमलासा रोड पर धांगर गांव के पास तेज रफ्तार कार ने ऑटो को टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक राजेंद्र बंसल (50), जो सहोद्रा राय वार्ड के निवासी हैं, धांगर गांव से सवारियों को छोड़कर खुरई की ओर आ रहे थे। तभी खुरई से खिमलासा की तरफ जा रही एक कार ने उनके ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। ऑटो संघ के अध्यक्ष सोनू श्रीवास्तव ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे और घायल राजेंद्र बंसल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया।उन्हें वहां भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी शहरी पुलिस को दे दी गई है, और फरार कार चालक की तलाश कर रही है।

### पुराने रिकॉर्ड सुरक्षित रखने में आ रही दिक्कत, व्यवस्थित भंडारण की कमी

# कलेक्ट्रेट भवन के भू-अभिलेखागार में बस्तों को रखने पर्याप्त नहीं स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

कलेक्ट्रेट में संचालित जिला अभिलेखागार में जमीन से जुड़े पुराने दस्तावेजों और रिकॉर्ड को सुरक्षित रखने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने की समस्या सामने आ रही है। यहां वर्षों पुराने राजस्व रिकॉर्ड, नक्शे और रजिस्टर बड़ी संख्या में रखे हुए हैं। लेकिन उन्हें व्यवस्थित रखने के लिए पर्याप्त रैक और भंडारण व्यवस्था उपलब्ध नहीं है।

जिले की सातों तहसीलों से संबंधित गांवों की जमीनों के दस्तावेजों को फाइलों और बस्तों में बांधकर यहां सुरक्षित रखा है। लेकिन जगह की कमी के कारण कई बस्ते और फाइलें रैक के बजाय जमीन या कोनों में रखी हुई दिखाई देती हैं। इससे दस्तावेजों के खराब होने या खोने का खतरा बना रहता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कलेक्ट्रेट भवन की लोक सेवा केंद्र ऑफिस के पास स्थित जिला अभिलेखागार कक्ष में बड़ी संख्या में राजस्व रिकॉर्ड सुरक्षित रखे गए हैं। यहां रोजाना किसान और ग्रामीण अपनी जमीन से जुड़े दस्तावेजों की नकल या जानकारी लेने पहुंचते हैं। लेकिन सीमित स्थान और अव्यवस्थित रख-रखाव के कारण रिकॉर्ड ढूंढने में कर्मचारियों को काफी समय लग जाता है।



### रिकॉर्ड ढूंढने में होती है भारी परेशानी

#### गिर रहे हैं रजिस्टर

भू-अभिलेखागार में रखे पुराने रजिस्टर और बस्ते इतने अधिक हो गए हैं कि उन्हें रखने के लिए रैक पर्याप्त नहीं हैं। कई बार रजिस्टर नीचे गिर जाते हैं। जिससे दस्तावेजों के खराब होने का खतरा रहता है। कोई व्यक्ति रिकॉर्ड की नकल लेने पहुंचने है, तो संबंधित फाइल निकालने में पूरा ढेर हिल जाता है।

#### व्यवस्था सुधारने की जरूरत

अधिकारियों और कर्मचारियों का कहना है कि अभिलेखागार में रिकॉर्ड की सुरक्षा और व्यवस्थित रखरखाव के लिए अतिरिक्त रैक, आधुनिक फाइलिंग सिस्टम और पर्याप्त स्थान की व्यवस्था करना जरूरी है। यदि समय रहते इस दिशा में कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में महत्वपूर्ण दस्तावेजों के खराब होने का खतरा बढ़ सकता है। अभिलेखागार में फाइलों की संख्या ढ़ती जा रही है। कई बार फाइलों को ढेर के रूप में रखना पड़ता है। जिससे दस्तावेज निकालते समय गिरने या फटने की आशंका रहती है।

#### 100-150 वर्ष से भी अधिक पुराने रखे हुए हैं दस्तावेज

अभिलेखागार में रखे कई दस्तावेज 100 से डेढ़ सौ वर्ष से भी अधिक पुराने बताए जाते हैं। इनमें 1908 के भूमि सर्वेक्षण से जुड़े रिकॉर्ड, खतौनी, खसरा, बी-1, नक्शे और अन्य राजस्व दस्तावेज शामिल हैं। इन पुराने रिकॉर्ड की ऐतिहासिक और प्रशासनिक दृष्टि से काफी अहमियत है। लेकिन पर्याप्त रैक और आधुनिक रिकॉर्ड प्रबंधन व्यवस्था के अभाव में इन्हें सुरक्षित रखना चुनौती बना हुआ है।

जिला खनिज विभाग के सेकंड फ्लोर पर एक कक्ष में भी आवश्यक तरीके से खनिज विभाग का सालों पुराना रिकॉर्ड फाइल है रखी हुई है वही पक्षियों की बीट और फफूंद और दीमक से रिकॉर्ड खराब होने की आशंका है। सारा बरसों पुराना रिकॉर्ड बेगोरी में पड़ा धूल खा रहा है।

#### इनका कहना है

रिकॉर्ड को व्यवस्थित तरीके से सहेजने के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।
- **मनोज उपाध्याय,** अपर कलेक्टर रायसेन।

---

### किसानों को राहत : 10 मार्च तक बढ़ी पंजीयन की तारीख

# पोर्टल का सर्वर डाउन से पंजीयन के लिए केंद्रों पर किसानों की भीड़

**किसानों ने 10 से 15 मार्च तक तिथि बढ़ाए जाने की उठाई मांग**

**किसानों को काम छोड़कर दिन पर केंद्रों पर बैठना पड़ रहा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जिले में इन दिनों रबी सीजन की फसल पंजीयन कराने पंजीयन केंद्रों पर पहुंच रहे किसानों को तकनीकी दिक्कतों के कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। केंद्रों पर सर्वर बार-बार डाउन होने से किसान घंटों इंतजार करना पड़ रहा हैं। स्थिति को देखते हुए शासन ने पंजीयन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 10 मार्च कर दी है, जिससे किसानों ने राहत की सांस ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न पंजीयन केंद्रों पर इन दिनों बड़ी संख्या में किसान फसल पंजीयन कराने पहुंच रहे हैं। लेकिन सर्वर की धीमी गति और बार-बार बंद होने के कारण काम सुचारु रूप से नहीं हो पा रहा है। सुबह से ही किसान अपने दस्तावेज लेकर केंद्रों पर पहुंच जाते हैं। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण उनका पंजीयन नहीं हो पाता है।



## किसान परेशान, 600 से 700 पंजीयन अभी बाकी

**दीवानगंज।** समर्थन मूल्य पर फसल बेचने किसानों का पंजीयन हो रहा है, लेकिन पंजीयन वेबसाइट धीमी चलने के कारण किसानों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार को दीवानगंज सोसाइटी में सुबह 10 बजे 30 से 40 किसान पंजीयन कराने पहुंचे, लेकिन पोर्टल ठीक से नहीं चलने के कारण शाम तक अधिकांश किसानों का पंजीयन नहीं हो सका।

सोसाइटी कर्मचारी ने बताया कि हर साल दीवानगंज क्षेत्र में 1600 से 1700 किसानों का पंजीयन होता है, लेकिन इस बार अब तक करीब 1000 किसानों का ही पंजीयन हो पाया है। अभी भी 600 से 700 किसान पंजीयन से वंचित हैं।

#### पंजीयन बन गया परेशानी का सबब

किसान मालम सिंह लोधी, कुंदन लाल पंथी, अजय ठाकुर, अशोक लोधी, इमरत सिंह लोधी, कालूराम लोधी, संतोष लोधी, विजय सिंह लोधी सहित कई किसान सुबह से शाम तक पंजीयन के लिए इंतजार करते रहे, लेकिन सर्वर स्लो होने के कारण उनका काम नहीं हो पाया। ऐसे में बड़ी संख्या में किसान पंजीयन नहीं करा पाएंगे।


---

### खबर संक्षेप

#### किले की तलहटी पर तोप के साथ बनाई रील पर छिड़ा विवाद

**रायसेन।** ऐतिहासिक किले की तलहटी पर रमजान माह में तोप चलाए जाने की परंपरा नबाबी शासनकाल से चली आ रही है। लेकिन तोप के साथ बनाई गई एक रील ने अब विवाद खड़ा कर दिया है। सोशल मीडिया पर वायरल इस वीडियो को लेकर मामला देशभर में चर्चा का विषय बन गया है। जानकारी के अनुसार दानिश स्टार नामक युवक ने किले की तलहटी पर मौजूद तोप के साथ एक रील बनाई। रील में अंतरराष्ट्रीय मुद्दे पर टिप्पणी करते हुए यह संदेश दिया कि हिंदुस्तान के मुसलमान युद्ध में ईरान का साथ देंगे। वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद इसे लेकर लोगों ने आपत्ति जताई। मामले में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने इस पर कड़ी आपत्ति दर्ज करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ट्वीट किया। उन्होंने वीडियो को गंभीर बताते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। तहसीलदार भरत सिंह मांडले ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस को जांच के निर्देश दिए हैं।

#### शोक संवेदना व्यक्त करने पहुंचे मंत्री राव एवं पटेल



**बरेली।** पिछले दिनों नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी की दादी मां का निधन हो गया था। निधन के बाद होली का पहला अनरय वाला त्यौहार होने के कारण नप अध्यक्ष चौधरी को टीका लगाने शोक संवेदना व्यक्त करने दो दिनों तक निवास पर आवाजाही बनी रही। शिक्षा मंत्री रावउदय प्रतापसिंह, क्षेत्रीय विधायक व राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवजी पटेल के साथ क्षेत्र के भाजपा नेताओं व कार्यर्ताओं ने पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। हिउस के पदाधिकारियों, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, अन्य पत्रकारों, निराला समिति, साहब सिंह धाकड़, अवध नारायण सक्सेना, प्रेम साहू, राधेश्याम पालीवाल, धीरेन्द्र मालवीय, राजेश साहू ने शोक संवेदना व्यक्त की।

#### जिले में रंगपंचमी को शुष्क दिवस घोषित

**रायसेन।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अरूण विश्वकर्मा द्वारा जिले में रंगपंचमी 8 मार्च को शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के तहत जिले में 8 मार्च को सुबह 8.30 से शाम 4 बजे तक शुष्क दिवस घोषित कर सभी मदिरा दुकान बंद रहेगी।

---

### रंगपंचमी पर जमेगी कवियों की महफिल

## निराला समिति का अखिल भारतीय कवि सम्मेलन आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

तीन दशक से श्री निराला साहित्य जनकल्याण समिति द्वारा होली के बीच अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन होली की हुड़दंग कवियों के संग कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया जा रहा है।

आज 8 मार्च को रंगपंचमी की रात्रि में श्रीरामलीला मैदान में कवियों की महफिल जमेगी। कवि सम्मेलन की समिति द्वारा व्यापक तैयारियां कि गई है। 8 मार्च को टी20 विश्वकप मैच को भी देखने कार्यक्रम स्थल पर ही स्त्रोताओं को बड़े पर्दे पर लाइव देखने की व्यवस्था समिति द्वारा की गई है।

आमंत्रित कवि- प्रतिवर्ष निराला समिति द्वारा आयोजित अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन का हिन्दी काव्य प्रेमिओं को इंतज़ार बना रहता है। इस वर्ष निराला समिति द्वारा हास्य कवि मुन्ना बैट्री, मंदसोर, प्रीति पाण्डेय प्रयागराज, आदित्य जैन कोटा, संजय खतरी बैटमा, सफर जौनपुरी, सावनेर, राघवेन्द्र लोधी सागर, को आमंत्रित किया गया है। प्रतिवर्ष समिति द्वारा एक प्रतिभा को सम्मानित किया जाता है। कार्यक्रम के दौरान ओज के कवि मदन मोहन समर सेवा निवृत डीएसपी को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवजी पटेल, न.प. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी की विशेष उपस्थिति रहेगी। निराला समिति के अध्यक्ष साहब सिंह धाकड़, सुरेश बिदुआ, भगवान दास राठी, अवध नारायण सक्सेना, कवि प्रेम नारायण साहू, देवी जैन, अनूप जैन, सईद पठान, नरेश जैन, जेएस ठाकुर, राजेन्द्र चौधरी इत्यादि ने सभी हिन्दी साहित्य प्रेमिओं से अधिकाधिक संख्या में रात्रि 8 बजे रामलीला मैदान आने की अपील की है।

## रंगपंचमी पर आज निकलेगा चल समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

होली पर रंग खेलने से अधिक रंगपंचमी पर रंग गुलाल खेलने की नगर में प्राचीन परंपरा बनी हुई है। आज रविवार को रंगपंचमी पर बड़ा बाजार स्थित शक्तिधाम मंदिर से नगर में रंगों गुलाल की बौझारे करते हुए परंपरागत चल समारोह प्रारंभ होगा।

रंगपंचमी पर सामूहिक रूप से रंग गुलाल खेलने की नवावी शासन के दौरान से परंपरा बनी हुई है। अनेक दशकों से रंगपंचमी पर हिउस के द्वारा चल समारोह निकाल कर रंग गुलाल खेला जाता है। जिसकी हिउस के द्वारा व्यापक तैयारियां की गई है।

रविवार को अवकाश होने के साथ रंगपंचमी का रंगों भरा मौज-मस्ती का त्यौहार है। दिन में नगर की प्रमुख सडक़ों पर चल समारोह के द्वारा सामूहिक, सार्वजनिक स्थानों पर रंग गुलाल खेला जाएगा तो 8



मार्च की रात्रि में रामलीला मैदान में निराला समिति द्वारा अ.भा. हास्य कवि सम्मेलन होली का हुड़दंग कवियों के संग कार्यक्रम से रंगपंचमी की मौजमस्ती और अधिक बढ़ जाएगी। हिउस के अध्यक्ष दिनेश बबेले, सचिव सचिन शान्डिल्य अन्य पदाधिकारियों ने सभी हिन्दू सनातनी बंधुओं से रंगपंचमी के चल समारोह में अधिकाधिक संख्या में सम्मिलित होकर मिलजुल कर रंगगुलाल खेलने की अपील की है।

#### महामाया चौक पर गुलाल के साथ होगा मिलन समारोह

**रायसेन।** श्री हिंदू उत्सव समिति के तत्वावधान में रंगपंचमी पर शहर के महामाया चौक परिसर में होली एवं रंगपंचमी मिलन समारोह का आयोजन रखा है। समिति अध्यक्ष रवि खत्री ने बताया कि रविवार सुबह 10 बजे कार्यक्रम प्रारंभी होगा। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होंगे और एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली और रंगपंचमी की शुभकामनाएं देंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में पारंपरिक उत्साह के साथ रंगों की बौछार होगी।

---

## चित्रकूट में एनएसएस प्रशिक्षण शिविर के लिए जिले से 6 स्वयंसेवक का हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलवानी

राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) का राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर वर्ष 2026 का आयोजन सतना जिले के चित्रकूट में 8 से 14 मार्च तक किया जा रहा है। शिविर में प्रदेश के विभिन्न यूनिवर्सिटी और कॉलेज से चयनित स्वयंसेवक भाग लेकर नेतृत्व क्षमता, समाज सेवा और राष्ट्रीय विकास के प्रति अपनी भूमिका को सुदृढ़ करेंगे।

- 8 से 14 मार्च तक सतना के चित्रकूट में होगा शिविर

इस राज्य स्तरीय शिविर के लिए रायसेन जिले से 6 स्वयंसेवकों एवं 1 कार्यक्रम अधिकारी का चयन किया है, जिन्हें चित्रकूट के लिए रवाना किया। चयन प्रक्रिया राज्य

**प्रशिक्षण शिवर में सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में दिखेगी युवाओं की प्रतिभा**



कार्यक्रम समन्वयक डॉ. मनोज अग्निहोत्री, बीयू के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अनंत सक्सेना तथा मुक्त इकाई के डॉ. राहुल सिंह परिहार के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस स्वामी विवेकानंद कॉलेज रायसेन के प्राचार्य डॉ. किशोर जॉन की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा चयन किया। प्रशिक्षण शिविर में संकेत प्रजापति, अंजना गौर (शासकीय कॉलेज गैरतगंज), पायल पाल, आदित्य लववंशी और नंदनी सेतिया (राजाभोज शास. कॉलेज मंडीदीप) चयन किया है।

वहीं शासकीय महाविद्यालय गैरतगंज की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ममता कुशगोतिया का चयन भी राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के लिए किया है। शिविर के दौरान वंदे मातरम नृत्य नाटिका, लोकनृत्य प्रतियोगिता, डिजिटल रील निर्माण प्रतियोगिता तथा लोकगीत प्रतियोगिता जैसी सांस्कृतिक एवं रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। गर्व का विषय है कि जिले के स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी को राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करने का अवसर प्राप्त हुआ है।

#### भानपुरगंज में सजेगा 'मिनी करीला' दरबार, उमड़ेगा आस्था और राई नृत्य का सैलाब

**गैरतगंज।** तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम भानपुरगंज (भानपुर) में इस शनिवार, 8 मार्च 2026 को रंगपंचमी के पावन अवसर पर भव्य 'मिनी करीला' मेले का आयोजन होने जा रहा है। जानकी मैया एवं लव-कुश मंदिर में आयोजित होने वाला यह मेला बीते दो दशकों से क्षेत्र की श्रद्धा और संस्कृति का प्रमुख केंद्र बना है।

अशोक नगर के विश्व प्रसिद्ध करीला धाम की तर्ज पर मिनी करीला धाम में भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था जुड़ी है। मान्यता है कि यहाँ मांगी गई हर मनोकामना पूरी होती है। मन्नत पूरी होने की खुशी में श्रद्धालु यहाँ राई नृत्य करवाते हैं। शनिवार रात को मंदिर परिसर बुंदेलखंड के प्रसिद्ध राई लोक नृत्य की थाप और घुँघरुओं की आवाज से सराबोर रहेगा।

### भजन-कीर्तन, गम्मत और भंडारा

## गुफा मंदिर गीदगढ़ में रंग पंचमी पर होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दीवानगंज

सांची के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत गीदगढ़ के पहाड़ पर स्थित प्रसिद्ध सिद्धेश्वर गुफा मंदिर पर रंग पंचमी पर भव्य धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को लेकर आसपास के गांवों में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

देहरी निवासी नवल सिंह मीणा द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन कराया जा रहा है। कार्यक्रम में गायक कलाकारों को आमंत्रित किया है, जो मंदिर परिसर में भजन-कीर्तन और पारंपरिक गम्मत की प्रस्तुति देंगे। कलाकारों की प्रस्तुतियों से पूरा वातावरण भक्तिमय और उत्सवमय बना



रहेगा। रंग पंचमी के दिन मंदिर परिसर में दिनभर विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। इसमें श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के लिए प्रसाद स्वरूप भोजन की व्यवस्था की जाएगी।

इस दौरान श्रद्धालु एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली व रंग पंचमी का पर्व मनाएंगे और सिद्धेश्वर गुफा मंदिर में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना करेंगे।

---

### महिला दिवस पर हो रहा आयोजन

## आत्मरक्षा जागरुकता के लिए शुरू हुआ 3 दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलामतपुर

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारी ब्रजेश जैन के दिशा-निर्देशानुसार अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर के शासकीय विद्यालय में तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 6 मार्च से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में आत्मरक्षा एवं सुरक्षा जागरूकता पर विशेष गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के अंतर्गत दूसरे दिन 7 मार्च को खेल प्रतियोगिता, योगाभ्यास एवं व्यायाम जागरूकता किया गया। तीसरे दिन 8 मार्च को "साइकिल डे- साइक्लिंग फॉर हेल्थ" का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान



लगभग 30 महिलाएं और 50 बालिकाएं एवं बालक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन परियोजना अधिकारी आशा सिंह के नेतृत्व में किया गया। इस अवसर पर सुपरवाइजर नीता अहिरवार सहित सलामतपुर और दीवानगंज की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षा, स्वास्थ्य और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया।

### अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष : नारी शक्ति के संघर्ष की कहानी

## दिहाड़ी मजदूरी में 'जोखिम' से भरे काम कर परिवार की जिम्मेदारी निभा रहीं राजकुंवर बाई

**दिहाड़ी मजदूरी से अपने बच्चों का भविष्य संवारने की कोशिश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

जीवन में कठिन परिस्थितियां अक्सर लोगों को तोड़ देती हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो संघर्षों को ही अपनी ताकत बना लेते हैं। ऐसी ही संघर्ष और हिम्मत की मिसाल हैं राजकुंवर बाई, जो दिहाड़ी मजदूरी कर जोखिम भरे काम करते हुए अपने परिवार का पालन-पोषण कर रही हैं। सीमित संसाधनों और आर्थिक तंगी के बावजूद उन्होंने कभी हार नहीं मानी और अपने परिवार की जिम्मेदारी को पूरी मजबूती के साथ निभा रही हैं।

राजकुंवर बाई का जीवन आसान नहीं रहा। परिवार की जिम्मेदारी उनके कंधों पर आने के बाद उन्होंने मजदूरी को ही अपनी रोजी-रोटी का सहारा बना लिया। रोज सुबह घर के काम निपटाने के बाद वह मजदूरी के लिए निकल पड़ती हैं। कभी निर्माण कार्य में ईंट, गिट्टी और रेत ढोना पड़ता है, तो कभी ऊंचाई पर चढ़कर काम करना पड़ता है। कई





बार यह काम बेहद जोखिम भरा भी होता है, लेकिन परिवार की जरूरतों को देखते हुए वह हर चुनौती का सामना करने तैयार रहती हैं।

दिनभर कड़ी मेहनत के बाद जो मजदूरी मिलती है, उसी से घर का खर्च, बच्चों की पढ़ाई और अन्य जरूरतें पूरी करनी पड़ती हैं। कई बार काम नहीं मिलने की स्थिति भी सामने आ जाती है, जिससे परेशानी और बढ़ जाती है। बावजूद इसके राजकुंवर बाई ने कभी परिस्थितियों के आगे घुटने नहीं टेके।

राजकुंवर बाई का मानना है कि मेहनत से ही जीवन की मुश्किलों को हराया जा सकता है। वह अपने बच्चों की पढ़ाई को सबसे ज्यादा महत्व देती हैं। उनका सपना है कि उनके बच्चे पढ़-लिखकर अच्छा मुकाम हासिल करें और उन्हें वह संघर्ष न करना पड़े, इसी उम्मीद से वह मेहनत करती हैं।

गांव और आसपास के लोग भी राजकुंवर बाई के साहस और मेहनत की सराहना करते हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से वह जोखिम भरे काम करते हुए अपने परिवार का सहारा बनी हुई हैं, वह वास्तव में महिला सशक्तिकरण की मिसाल है।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर राजकुंवर बाई जैसी महिलाओं की कहानी यह बताती है कि महिलाएं केवल घर की जिम्मेदारी ही नहीं निभातीं, बल्कि जरूरत पड़ने पर परिवार के लिए हर कठिन रास्ता भी तय करती हैं। उनका संघर्ष समाज के लिए प्रेरणा है।

राजकुंवर बाई का जीवन इस बात का उदाहरण है कि परिस्थितियां चाहे कितनी भी कठिन क्यों न हों, यदि इंसान के भीतर हिम्मत और मेहनत करने का जज्बा हो, तो वह हर चुनौती का सामना कर सकता है। महिला दिवस पर उनका संघर्ष और आत्मनिर्भरता महिलाओं की शक्ति और साहस को दर्शाती है।